# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–01 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लोकहित के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एक रिपोर्ट–

***सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 1 जुलाई से प्रभावी महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। साथ ही देश भर में सिविल सेक्टर के तहत सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी गई, जिसका व्यय पांच हजार आठ सौ बासठ करोड़ रुपये से अधिक होगा। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस से दो हजार तीस इकतीस तक दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दे दी। इस मिशन का लक्ष्य दो हजार तीस इकतीस तक उत्पादन को तीन सौ पचास लाख टन तक बढ़ाना है। सरकार ने मार्केटिंग सत्र दो हजार पचीस छब्बीस के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी मंजूरी दे दी। इस फैसले से गेहूं के समर्थन मूल्य में एक सौ साठ रुपये की बढ़ोत्तरी हो जाएगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

कैबिनेट ने बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम–बीआरसीपी के तीसरे चरण को भी पंद्रह सौ करोड़ रुपये की लागत के साथ मंजूरी दी है।

**********

बाइस सितम्बर से शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

**नए सुधारों के तहत नोटबुक, ग्राफ बुक, शार्पनर और पेंसिल जैसी स्टेशनरी आइटम को कर मुक्त कर दिया गया है, जो पहले 12 प्रतिशत हुआ करती थी। इसी प्रकार, इरेजर पर जीएसटी दर को 5 प्रतिशत से घटाकर कर मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा, ज्योमेट्री बॉक्स, कलर बॉक्स और पाउच जैसी वस्तुओं पर जीएसटी 5 प्रतिशत तक कर दिया है। इस क्षेत्र में कर की कटौती से छात्रों पर आर्थिक बोझ कम होगा और बाजार में इन उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी। दृष्टि के साथ शिवांग मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

सेवा और सुशासन के मंत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम चर्चा कर रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने वैश्विक साझेदारियों को मजबूत किया है।

***ग्लोबल साउथ के साथ भारत का जुडाव एक बहुध्रुवीय विश्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे विकासशील देशों की आवाज सुनी जा सके। भारत की बहुपक्षीय भागीदारी, राष्ट्रीय हित और रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत पर आधारित है। ब्रिक्स, क्वाड और एस.सी.ओ. जैसे संगठनों में भारत की भागीदारी एक संतुलित कार्य को दर्शाती है। ब्रिक्स के साथ बहुध्रुवीयता को मजबूत करना, क्वाड के साथ सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाना और एस.सी.ओ. के माध्यम से आतंकवाद–रोधी प्रयासों को आगे बढाना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अंतरराष्ट्रीय यात्राओं ने भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाया है और साझेदारियों को सुदृढ किया है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।***

**********

देश भर में आज दुर्गा नवमी मनाई जा रही है। इस अवसर पर भक्त देवी दुर्गा के नौवें और अंतिम स्वरूप, माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर रहे हैं। वाराणसी के सिद्धिदात्री माता मंदिर, मिर्जापुर में विन्ध्यवासिनी धाम व बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ सहित प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। बड़ी संख्या में भक्तगण दुर्गा पांडालों में भी मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर रहे हैं।

गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने गोरखनाथ मंदिर में माता की पूजा अर्चना की और कन्या पूजन किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में प्रदेशवासियों को महानवमी और विजयादशमी की भी शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराध में न्यूनतम संख्या वाला, जबकि सजा दिलाने में नम्बर वन राज्य है।

**********

केन्द्र सरकार ने पात्र मौजूदा कर्मचारियों, पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों और दिवंगत पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी के लिए एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस का विकल्प चुनने की अंतिम तिथि दो महीने बढ़ाकर तीस नवंबर तक कर दी है। पहले यह अंतिम तिथि तीस सितंबर थी।

**********

प्रदेश के मुजफ्फरनगर के पानीपत–खटीमा हाईवे पर तितावी थाना क्षेत्र के पास आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में हरियाणा के रहने वाले सात कार सवारों में से छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक कार सवार गंभीर तौर पर घायल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर हादसे के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस सप्ताह तीन अक्टूबर से छह अक्टूबर के बीच कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक इस अंचल में कल भी कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना है। साथ ही कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी आशंका है।

**********